निराला खाटू धाम | By Suren Namdev

राजस्थान के सीकर में एक धाम बड़ा ही निराला है
रींगस से थोड़ी दूर में रहता मेरा खटुवाला है
सबको मुंह माँगा फल देता ये तो बड़ा दिलवाला है
रींगस से थोड़ी दूर में रहता मेरा खटुवाला है

बाबा के भक्तों का मेला चलता पूरे साल है
जो भी आता तेरे दर पे होता मालामाल है
देर नहीं करता मेरा बाबा पल में देता निवाला है
रींगस से थोड़ी दूर में रहता मेरा खटुवाला है

तेरे दर पे जो बाबा हाँ सच्चे दिल से आता है
उसका जीवन तो बाबा हाँ पल में सफल बन जाता है
सबके दु:ख और सबकी विपदा ये तो हरने वाला है
रींगस से थोड़ी दूर में रहता मेरा खटुवाला है

आंधी आये तूफां आये चाहे काली रात हो
भगत नहीं रुकते तेरे बाबा कितनी भी बरसात हो
विजयराज को डर नहीं लागे साथ में जग रखवाला है
रींगस से थोड़ी दूर में रहता मेरा खटुवाला है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a8%e0%a4%bf%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%a7%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-suren-namdev/